AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : सीसीटीवी की निगरानी में होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर सूचित कर दिया गया है। हाल में संपन्न हुई सेमेस्टर परीक्षाएं भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित की गई थीं।

विश्वविद्यालय से इस सत्र से चार नए जिले रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व हरदोई के भी कॉलेज संबद्ध हुए हैं। हाल में विश्वविद्यालय द्वारा यहां पर स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। सभी कॉलेजों में परीक्षा की सीसीटीवी से निगरानी की गई और विवि स्थित केंद्रीय कक्ष से इनकी ऑनलाइन निगरानी भी की गई। इससे कुछ जगहों पर गड़बड़ी पकड़ी गई और तुरंत कार्रवाई भी की गई।

इसी क्रम में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से सभी सहयुक्त कॉलेजों को पत्र भेजकर कहा गया है कि यूजी-पीजी की पहले सेमेस्टर की लिखित परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। उक्त पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सभी कॉलेजों में आयोजित की जा रही हैं। सभी प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी (वाइस रिकॉर्डर सहित) की निगरानी में कराई जाएं। उक्त परीक्षाओं के नंबर ऑनलाइन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करके उसकी साफ्ट कॉपी के साथ परीक्षा की रिकॉर्डिंग विवि को उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने कहा कि 15 मई तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित करनी होंगी।

विवि प्रशासन ने संबद्ध संस्थानों को दिया निर्देश, 15 तक किया जाना है आयोजन

बीसीए का परिणाम जारी

लखनऊ विवि प्रशासन ने शनिवार को बीसीए तीसरे सेमेस्टर की दिसंबर 2021 की नियमित व बैक पेपर की परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

लविवि : फार्मेसी छात्रों को मिली अत्याधुनिक लैब

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस स्थित फार्मेसी संस्थान के विद्यार्थियों को शनिवार को अत्याधुनिक लैब का तोहफा मिला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। पिछले सत्र से ही बीफार्मा व डीफार्मा कोर्स की शुरुआत हुई है। प्रो. राय द्वारा ह्यूमन एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी लैब, फार्माकॉगनोसी लैब, फार्मास्यूटिकल इनऑर्गेनिक एंड ऑर्गेनिक केमिस्ट्री लैब, फार्मास्यूटिकल एनालिसिस लैब, फार्मसूटिक्स लैब, फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी लैब का उद्घाटन किया गया। वहीं, कुलपति ने सीतापुर रोड स्थित ज्ञानोदय महाविद्यालय श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन, ज्यूरिस लॉ कॉलेज तथा बोरा कॉलेज का निरीक्षण किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन किया। -विज्ञप्ति

NBT PAGE 6

एलयू न्यू कैंपस में छह प्रयोगशालाएं शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस में शनिवार को छह प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया गया। इनमें ह्यूमन एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी लैब, फार्माकॉग्नोसी लैब, फार्मास्यूटिकल इनऑर्गेनिक एंड ऑर्गेनिक केमिस्ट्री लैब, फार्मास्यूटिकल एनालिसिस लैब, फार्मसूटिक्स लैब और फार्मास्यूटिकल टेक्नॉलजी लैब शामिल हैं। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, भैषजिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्रो. इंचार्ज आरएस गुप्ता, एलयू न्यू कैंपस के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह भी मौजूद रहे। वहीं पहले साल के बैच विद्यार्थियों को फ्रेशर पार्टी भी दी गई। इस बीच दिव्यांश कुमार, काजल, श्रेजल, प्रिया ने नृत्य किया।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में बीसीए का परिणाम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीसीए कम्प्यूटर एप्लीकेशन तृतीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

i-NEXT PAGE II & 3

प्रैक्टिकल का हर पल अब होगा कैमरे में कैद

एलयू के परीक्षा नियंत्रक ने सभी कॉलेजों के प्रिंसिपल को भेजे निर्देश

LUCKNOW(7 May): लखनऊ विश्वविद्यालय की यूजी व पीजी कोर्सों की प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की लिखित परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं. अब महाविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू करा दी गई हैं. इन परीक्षाओं की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी कालेजों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं वाइस रिकार्डर युक्त सीसी कैमरे की निगरानी में कराना अनिवार्य होगा. इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने कालेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया है.

वाइस रिकार्डिंग वाले कैमरे

यूनिवर्सिटी ने नकल रोकने के लिए स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सीसी कैमरे की निगरानी में कराई. परीक्षा के दौरान कई जगह कैमरे काम न करने की भी शिकायतें आई थीं. अब प्रैक्टिकल एग्जाम के दौरान कॉलेजों में मनमानी न हो, इसके लिए वाइस रिकार्डर युक्त सीसी कैमरे में परीक्षा कराने के लिए कहा गया है.

जारी किए गए निर्देश

परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे. साथ ही उसकी साफ्ट कापी परीक्षा की रिकार्डिंग के साथ विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी. इसके लिए सभी कॉलेजों को प्राथमिकता के आधार पर 15 मई तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए कहा गया है, जिससे परीक्षा परिणाम सुचारू रूप से जारी किए जा सकें.

पूर्व विद्यार्थियों क सम्मान

नेशनल पीजी कॉलेज अपने प्रतिष्ठित पूर्व स्टूडेंट्स को सम्मानित करेगा. इसके लिए 20 मई को कॉलेज में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा.

गुरुजी के प्रमोशन का रास्ता अब हो गया साफ

शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल और वीसी के बीच वार्ता के बाद हुआ निर्णय



CONCEPT PIC

LUCKNOW(7 MAY): लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों में तैनात एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति को लेकर आ रही समस्याएं दूर हो गई. अब एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोन्नति के प्रपत्र विश्वविद्यालय में भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी. यह प्रपत्र कॉलेज की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल समिति ही जांचेगी. प्रिंसिपल की पुष्टि के बाद विश्वविद्यालय के वीसी दो विषय विशेषज्ञ नियुक्त करेंगे जो जांच के बाद प्रोफेसर पद के लिए प्रोन्नति पर सहमति देंगे. यह निर्णय शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल की ओर से वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया.

एलयू वीसी से की मुलाकात

विद्यांत हिन्दू पीजी कॉलेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष हिंदवी के नेतृत्व में डीएवी कॉलेज से डॉ. दीपक कुमार सिंह, जेएनपीजी कॉलेज के डॉ. सिद्धार्थ सिंह, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के डॉ. श्रवण गुप्त ने वीसी प्रो. आलोक कुमार राय से शुक्रवार को मुलाकात की.

काफी समय से लंबित थे

डॉ. मनीष हिंदवी ने बताया कि डिग्री कॉलेजों में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसरों की नियमानुसार प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति काफी समय से लंबित थी. वीसी से वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब एसोसिएट प्रोफेसर के प्रपत्र संबंधित महाविद्यालय की आईक्यूएसी समिति जांच करेगी. वीसी दो विषय विशेषज्ञ नियुक्त करेंगे जो जांच के बाद प्रोफेसर पद के लिए पदोन्नति देंगे.

JAGRAN CITY PAGE III

प्रयोगात्मक परीक्षा की देनी होगी सीसीटीवी रिकार्डिंग

लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी कालेजों के प्राचार्यों को भेजे निर्देश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की लिखित परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब महाविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू करा दी गई हैं। इन परीक्षाओं की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी कालेजों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं वाइस रिकार्डर युक्त सीसी कैमरे की निगरानी में कराना अनिवार्य होगा। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने कालेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया है।

लवि ने नकल रोकने के लिए स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सीसी कैमरे की निगरानी में कराई। परीक्षा के दौरान कई जगह कैमरे काम न करने की भी शिकायतें आई थीं। अब प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान कालेजों में मनमानी न हो, इसके लिए वाइस रिकार्डर युक्त सीसी कैमरे में परीक्षा कराने के लिए कहा गया है। परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अनिवार्य रूप से आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। साथ ही उसकी साफ्ट कापी परीक्षा की रिकार्डिंग के साथ विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। इसके लिए सभी कालेजों को प्राथमिकता के आधार पर 15 मई तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए कहा गया है, जिससे परीक्षा परिणाम सुचारू रूप से जारी किए जा सकें।

पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा नेशनल कालेज : नेशनल पीजी कालेज अपने प्रतिष्ठित पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा। इसके लिए 20 मई को कालेज में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। शनिवार को एल्युमिनाई एसोसिएशन के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। कालेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा।

फार्मेसी के विद्यार्थियों को नई प्रयोगशालाओं की सुविधा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में संचालित इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में पढ़ने वाले फार्मेसी के विद्यार्थियों को छह नई प्रयोगशालाओं की सुविधा मिल गई। शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, नृत्य एवं गायन प्रस्तुति दी।

आइईटी लखनऊ के बायोटेक्नोलाजी विभाग के हेड प्रो. वीएन मिश्रा, लवि की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह और चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रयोगशालाएं अलग-अलग कार्यों के लिए प्रयोग में लाई जाएंगी। वहीं, दूसरी ओर संस्थान में पहले बैच के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की फ्रेशर पार्टी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में नई प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया ● सौजन्य से लवि

नेशनल कालेज : चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मई से

नेशनल पीजी कालेज ने सेमेस्टर परीक्षा की तिथियों में थोड़ा बदलाव किया है। 21 मई से होने वाली चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मई से शुरू होंगी। परीक्षाएं 17 जून को समाप्त होंगी। विस्तृत कार्यक्रम कालेज की वेबसाइट पर है। कालेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले 21 मई से सिर्फ छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रस्तावित की थीं। अब चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक साथ 23 मई से शुरू होंगी। परीक्षा में करीब साढ़े तीन हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए प्रवेश पत्र 14 मई तक जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कालेज ने दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सात जून से कराने की तैयारी है। जल्द ही इसका कार्यक्रम भी तय कर दिया जाएगा। इसके अलावा पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं भी 14 जून से कराई जा सकती हैं। दूसरे सेमेस्टर में 1100 और पीजी की परीक्षाओं में करीब 500 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कालेज के प्राचार्य ने बताया कि 23 मई से चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होनी हैं। इसलिए उसी दिन से दूसरे सेमेस्टर की कक्षाएं आनलाइन मोड पर संचालित होंगी।

केमेस्ट्री की प्रयोगात्मक परीक्षा 13, 14 मई को : नेशनल कालेज में बीएससी छठे सेमेस्टर (पेपर-3) की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 13 व 14 मई को होंगी। परीक्षा सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक होगी। विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

कुलपति के निरीक्षण में कालेजों में मिली खामियां

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को कई महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं प्रिंसिपल नहीं मिले तो कहीं लाइब्रेरी में साफ-सफाई नहीं थी। समय-सारिणी के अनुसार कक्षाएं भी नहीं चलती पाई गईं। सोमवार को संबंधित कालेजों को नोटिस जारी की जाएगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सीतापुर रोड स्थित ज्ञानोदय महाविद्यालय में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका देखी तो पता चला कि एक महीने से प्रिंसिपल नहीं आए हैं। इस पर कालेज से जवाब मांगा गया है। सभी शिक्षकों की उपस्थिति भी देखी गई। श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन में लाइब्रेरी संचालन की व्यवस्था ठीक नहीं थी। साफ-सफाई की कमी मिली। बताया गया कि नियमित संचालन नहीं होता है। उन्होंने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ज्यूरिस ला कालेज में कक्षाओं के निर्धारित समय संचालन में कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने इन कालेजों में विद्यार्थियों से बातचीत कर पढ़ाई की स्थिति पूछी। साथ ही, अनुमोदित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजिका भी देखी। कुलपति ने बताया कि जिन कालेजों में कमियां मिली हैं, उन्हें सोमवार को नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश भेजे जाएंगे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि न्यू कैम्पस में प्रयोगशालाओं का लोकार्पण

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय, द्वितीय परिसर (न्यू कैम्पस) में स्थित फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार कोा दीप प्राज्जवलित कर नव निर्मित प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया।

लोकार्पण के दौरा समय लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्रो. इंचार्ज प्रो. आर.एस. गुप्ता तथा विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान में नव निर्मित प्रयोगशालाओं के लोकार्पण के पश्चात फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया। तदोपरांत विशेष अतिथि डा. वी.एन. मिश्रा डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट : इंडस्ट्रियल कंसल्टेन्सी डा. एपीजे अव्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ वायोटेक्नोलॉजी, आईईटी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नव निर्मित प्रयोगशालाओं के लोकापर्ण के साथ्साथ छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम गणेश वंदना, स्पीच, नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति की गयी। इस दौरान नव निर्मित प्रयोगशालाओं के लोकापर्ण के साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे गणेश वंदना, स्पीच, नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति की गयी तथा फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान लविवि के प्रथम वैच के प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं की फ्रेशर पार्टी का कार्यक्रम भी आयोजित किया।

फार्मास्यूटिकल विज्ञान संस्थान में स्थापित प्रयोगशालाएं : ह्यूमन एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी लैवड्स लैव द्वारा छात्रों को दवा का ह्यूमन पर होने वाला प्रभाव एवं दुष्प्रभाव का अध्ययन कराया जायेगा। फार्माकॉगनोसी लैव-हर्वल दवाओं का परीक्षण, दवाओं का निर्माण एवं नई दवाओं की खोज के वारे में अध्ययन कराया जायेगा। फार्मास्यूटिकल इनऑर्गेनिक एंड ऑर्गेनिक केमिस्ट्री लैवड्स लैव में सिंथेटिक दवाओं को वनाना एवं दवाओं का परीक्षण सिखाया जायेगा। फार्मास्यूटिकल एनालिसिस लैवन्दवाओं को मानक के अनुसार परीक्षण एवं शुद्धता की जाँच, विश्लेषण सम्वन्धी अध्ययन कराया जायेगा। फार्मसूटिक्स लैवन्मरीजों के अनुसार दवाओं को डोजेज फार्म में निर्माण एवं उनका परीक्षण कराया जायेगा।फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी लैवन्नैनो मेडिसिन जैसी नई फार्मुलेशन टेक्नोलॉजी एवं उनकी स्टेविलिटी का परीक्षण एवं गुणवत्ता तय की जाएगी।

TOI PAGE 2

Camp on 'earthwork' art for LU students

Times News Network

Lucknow: After a gap of 18 years, students of Lucknow University will get an opportunity to soak their hands in mud and create a masterpiece during the 'Earthwork Art Camp' being organized by the university's College of Arts and Crafts from Monday.

The week-long camp, that will culminate on May 16, will help students learn the art of using earth or mud to add beauty to landscapes from experts in the field. Any student from LU or its affiliated college can join the camp for free.

"We have decided to teach students something new and industry-oriented. In the seven-day workshop, students will learn everything related to earth artwork, be it digging mud and giving it an artistic shape or using mud to create a sculpture," said faculty from the sculpture department Vibhavri Singh.

The camp will begin at 8am and continue till noon. The students will be making the artwork near Prof Ranveer Singh Bisht Boys' Hostel and in front of the department.

Singh said earthwork is art made by shaping land itself or forms in the land using natural material like rocks or tree branches. Earthwork ranges from subtle, temporary interventions in the landscape to significant, sculptural, lasting alterations made with heavy earth-moving machinery.

HT PAGE 3

GENDER SENSITIZATION WORKSHOP HELD

LUCKNOW : The Legal Aid Centre of Lucknow University (LU) in collaboration with varsity's internal complaints committee (ICC) conducted a gender sensitization workshop at the faculty of yoga and alternative medicine, new campus, LU on Saturday. The session was presided over by prof Amar Kumar Tiwari, member of ICC, LU, Acharya Krishna Kumar Shukla of faculty of yoga and alternative medicine and Umesh Kumar Shukla. It was held under the guidance of prof CP Singh, head and dean, faculty of law and prof Madhurima Pradhan, chairperson (ICC, LU). HTC

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

लविवि कुलपति ने महाविद्यालयों की शिक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित निरीक्षण में सीतापुर रोड स्थित ज्ञानोदय महाविद्यालय, दुर्गा शिक्षा निकेतन, ज्यूरिस लॉ कॉलेज एवं योरा कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी महाविद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था, कक्षाओं, शिक्षकों की उपस्थिति एवं महाविद्यालय में अनुमोदित शिक्षकों एवं शिक्षकों- छात्रों की उपस्थिति पंजिका की जांच पड़ताल भी किया। कुलपति ने कक्षाओं में जाकर उपस्थित छात्र-छात्राओं से शिक्षण एवं अन्य सुविधाओं के विषय में उनसे जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं के तहत मिली कमियों को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने कालेजों के समुचित व्यवस्थाओं की सराहना भी की। कुलपति ने बताया कि महाविद्यालयों में जारी प्रैक्टिकल परीक्षा एवं विश्वविद्यालय की समय सारिणी के हिसाब से कक्षाओं के संचालन के लिए वह लगातार राजधानी सहित सभी पांच जिलों में दौरा करते रहेंगे। जो कॉलेज व्यवस्थानुसार छात्रों एवं शिक्षा का काम नहीं करेंगे उनपर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा कुलपति ने बताया कि निरीक्षण में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद प्रोफेसर अवधेश त्रिपाठी, कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, विधि संकाय की प्रोफेसर तथा आईएमएस की निदेशक प्रोफेसर संगीता साहू, कुलानुशासक डॉक्टर ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ राहुल पाण्डेय, डॉक्टर राजेश्वर यादव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।